# GST रिटर्न में उत्तर प्रदेश सबसे आगे

## चर्चा में क्यों?

[वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (Goods and Services Tax Network- GSTN)]() के अनुसार, **उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र** मासिक रूप से [वस्तु एवं सेवा कर (GST)]() रिटर्न में अग्रणी हैं, जो उनकी आर्थिक क्षमता को दर्शाता है।

- GST एक **मूल्य वर्द्धित कर** है जो घरेलू उपभोग के लिये बेची जाने वाली अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर लगाया जाता है।

## मुख्य बिंदु:

- **अप्रैल 2024 में** देश के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य **उत्तर प्रदेश** ने अपने मासिक लेन-देन (GSTR-3B के रूप में) का सारांश देते हुए **908,900 से अधिक GST रिटर्न** की सूचना दी।
    - औद्योगिक **तमिलनाडु ने 880,200 से अधिक GST रिटर्न** दाखिल किये।
    - **महाराष्ट्र 798,600 से अधिक GST रिटर्न** के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- मासिक रिटर्न दाखिल करने से राज्य में **व्यावसायिक गतिविधि, अनुपालन स्तर, राजस्व क्षमता, कर प्रशासन दक्षता और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग प्रतिबिंबित** होती है।

## वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (GSTN)

- **GSTN भारत में GST के लिये एक अप्रत्यक्ष कराधान मंच प्रदान** करता है।
- यह प्लेटफॉर्म **करदाताओं को रिटर्न दाखिल करने, भुगतान करने और अप्रत्यक्ष कर नियमों का अनुपालन करने** में मदद करता है।
- यह **केंद्र और राज्य सरकारों, करदाताओं तथा अन्य हितधारकों को सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढाँचा एवं सेवाएँ** प्रदान करता है।
- **GSTN एक सरकारी स्वामित्व और सीमित देनदारी वाली गैर-लाभकारी कंपनी** है। इसे वर्ष 2013 में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 (अब कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) के तहत शामिल किया गया था।
- **इसमें एक अध्यक्ष होता है** जिसकी नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है।
    - GSTN बोर्ड ने **जून 2022 में आयोजित अपनी 49वीं बोर्ड बैठक** में इसे **सरकारी कंपनी में बदलने की मंज़ूरी दी, अतः इसमें 100% हिस्सेदारी सरकार (50% केंद्र सरकार के साथ और 50% राज्य सरकारों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के साथ संयुक्त रूप से) के पास होगी**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-lead-in-filing-gst-return